गन्ने के पेमेंट की यह हालत है कि किसान गाड़ी लेकर जाता है और उसको पेमेंट नहीं होता है। मिल मालिकों ने आज भी दस लाख रुपया किसानों का मार रक्खा है। उस दस लाख रुपये पर मिल मालिक कर्जा देकर सूद कमा रहे हैं, कम्पाऊंड इंटरैस्ट लेते हैं। इसका इलाज आपको करना पड़ेगा और किसान को इंसेंटिव देना पड़ेगा। किसान का बेटा जब इस काम पर आयेगा तभी यह फूड पालिसी हल होगी वरना यह हल नहीं होसकेगी। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह किसानों के साथ अपनी वर्तमान उपेक्षा नीति को त्यागे और उनको अधिक अन्न उपजाने के लिए प्रोत्साहन दे। सरकार जो कि रामराज्य स्थापित करने का दावा करती है और दम भरती है उससे मेरा अनुरोध है कि जरा वह यह तो सोचे कि रामराज्य में किसानों से टैक्स किस तरह से वसूल होता था और आज किस तरह से उन पर टैक्सों का बोझ लदा हुआ है? उस समय उल्टे घड़े को रखवा कर उस पर गेहूं के दाने छोड़ते थे और इस तरह से जो दो, चार दाने बच जाते थे वह किसान से टैक्स की शक्ल में लिये जाते थे। आज हालत यह है कि उस गरीब पर टैक्सों की भरमार इस सरकार ने कर रक्खी है।

मैं एक छोटा सा काश्तकार हूं, एक बहुत मामूली सा किसान हूं। जब अंग्रेजों के जमाने में मैं टैक्स देता था उसकी अपेक्षा १७ गुना टैक्स इस सरकार को देता हूं। अगर मैं अंग्रेज के जमाने में एक रुपया बतौर टैक्स के देता था तो आज १७ रुपये टैक्स दे रहा हूं। गरीब हरिजन मजदूर अंग्रेजों के वक्त में टैक्स नहीं देते थे, चमार भंगी आदि हरिजन अंग्रेजों के जमाने में टैक्स नहीं देते थे लेकिन आज उनको भी टैक्स देना पड़ता है। आज बेवा को भी टैक्स देना पड़ता है।

जहां तक उन गरीब किसानों को प्रतिनिधित्व देने की बात है मैं कह सकता हूं कि उनको उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला हुआ है। एक तरह यह कहा जाता है कि नो टैक्सेशन विदआउट रिप्रेजेंटेशन लेकिन हालत यह है कि टैक्सेशन की तो भरमार कर रखी है लेकिन उनको प्रतिनिधित्व मिलता नहीं है। मैं बैकवर्ड क्लासेज की बात कहता हूं। साढ़े सात करोड़ गूजर यहां इस देश में बसे हुए हैं जिनका एक भी प्रतिनिधि यहां पर इस सारे हाउस में नहीं है। अब अगर हम उन लोगों की तरफ से वकालत करते हैं तो हमें उधर से फिरकापरस्त कहा जाता है लेकिन क्या मैं पूछ सकता हूं कि जब भारत के प्राइम मिनिस्टर साहब देहरादून में गूजर कांफ्रेंस का उद्घाटन करते हैं तो क्या यह फिरकापरस्त नहीं होते? जब श्री धर्मदेव शास्त्री कांग्रेस की तरफ से यह आश्वासन देते हैं कि तुम्हारे हकूक पंडित नेहरू के हाथों में महफूज़ हैं तब क्या वह फिरकापरस्त क्यों नहीं होते। लेकिन अगर कोई साढ़े सात करोड़ आदमियों की तरफ से यह मांग करता है कि उनका प्रतिनिधि भी इस हाल के अन्दर होना चाहिए तो वह फिरकापरस्त हो जाता है। अब फिरकापरस्ती की कोई डेफ़ीनीशन कायम करनी पड़ेगी। हकीकत यह है कि कांग्रेस पोलिटिकल ऐंड्स को हासिल करने के लिए फिरकापरस्पी करती है। मैं कहता हूं कि वह लोग जो कि मुस्लिम लीग बनाते हैं। हिन्दू महा सभा बनाते थे, वह कम से कम १०-१० इंसानों करोड़ के लिए कुछ लड़ते तो थे . . . .

**उपाध्यक्ष महोदय**: यह तो फूड पालिसी का सवाल चल रहा है।

**श्री यशपाल सिंह**: जी हां इसी फूड पलिसी पर बोल रहा हूं और देश में जो अनाज पैदा करते हैं उनके लिए मैं कह रहा

[श्री यशपाल सिंह]

हूं कि उनको सरकार हर संभव प्रोत्साहन दे। उनको प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। अगर उनको प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा तो हरगिज़ हरगिज यह मसला हल नहीं हो सकेगा। उनके नुमाइन्दे हों, उनके डायरेक्टर्स हों। उन लोगों को तकाबी दी जाय। काश्तकार बीज कहां से लेता है, पर्ची कहां से कटवाता है और किस तर से बीज के लिये वहां भीख मांगता है और उस बीज को हासिल करने में उसको १५, १५ दिन लग जाते हैं। अब पन्द्र दिन में वक्त निफल जाता है। सोइंग सीजन ख़त्म हो जाता है। किसानों की इन दिक्कतों को दूर करने के लिए और किसानों को खुशहाल करने के लिये इसका एडमिनिस्ट्रेशन किसान को देना पड़ेगा। इसका ऐडमिनिस्ट्रेशन मज़दूर को देना पड़ेगा। किसान और मज़दूर का बेटा ही उन किसानों की दिक्कतों को हल कर सकेगा।

मेरी अर्ज है कि सरकार के जो ट्यूब-वैल्स हैं उन पर उसी रेट से बिजली दी जाय जिस रेट पर कि बिड़ला साहब को दी जाती है। मेरा य. अनुरोध है कि खेती की ज़मीन जो बाढ़ में ख़त्म हो गयी है, डूबी हुई पानी में ख़तम हो गयी है उस पर से आबपाशी का टैक्स हटाया जाय। हम लोगों ने जेल जाकर तीन आने मन का टैक्स, आबपाशी टैक्स, इरिगेशन टैक्स होता था उसको हमने तीन आने फ़ी रुपया कम कराया था लेकिन श्री सी० बी० गुप्त ने उसमें फिर वृद्धि कर दी है और उस तीन आने को ख़तम कर दिया है। जहां हम १३ आने देते थ वहां अब . में एक रुपया बतौर आबपाशी टैक्स के देना पड़ता है। मेरी मांग है कि किसान से जहां १९ नये पैसे की दर से बिजली का चार्ज किया जाता है, ३ नये पैसे बिड़ला सा..ब की दर से उससे भी तीन पैसे लिये जायें। जो ज़मीन डूब गई है उस ज़मीन के ऊपर किसी तरह का आबपाशी का टैक्स नहीं होना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह अपनी मौजूदा पालिसी को बदले क्योंकि जब तक यह पालिसी बदली नहीं जायगी तब तक देश की फूड प्राबलम हल नहीं हो सकती है।

**Mr. Deputy-Speaker:** Motion moved:

"That the food policy of the Government of India be taken into consideration."

The other motion has already been placed before the House.

The time allotted for these two motions is two hours, out of which one hour has already been taken.

**Shri P. R. Patel:** We will require at least five hours.

**Some Hon. Member:** Yes.

**Mr. Deputy-Speaker:** What is the view of the Government?

**Shri Rane** (Buldana): We have no objection.

**Mr. Deputy-Speaker:** We have already taken one hour. We will have two more hours, one for each resolution.

**Shri Vishram Prasad** (Lalgang): Nothing less than five hours.

**Mr. Deputy-Speaker:** All right. We will have five hours. Time-limit on speeches will be ten minutes.

**Shri P. R. Patel:** It would not be possible to cover all the points raised here within ten minutes. It is unfair to give only ten minutes. It should be more.

**Shri Ranga** (Chittoor): At least those hon. Members who are specialists in agriculture should be given more time.

**श्री क० ना० तिवारी** (बगहा) : उपाध्यक्ष महोदय, प्राइस लाइन निर्धारित करने की जो बात की जाती है, उसमें जहां तक फुडग्रेंस की प्राइस लाइन को निर्धारित करने का सवाल है, मैं उसका विरोध करता हूं और इसका विरोध इस बिना पर करता हूं कि किसानों के जीवन के लिए जितनी भी अन्य आवश्यक वस्तुएं हैं उन सब के दाम बहुत अधिक बढ़ गये हैं। सीमेंट, लोहा, कपड़ा कोयला, चीनी, दवाएं, स्कूल की फीस, पोस्टल चार्जेज़ और रेल का किराया, यह जितनी भी किसान की रोजमर्रा की ज़रूरियात हैं, उन सब के दाम बढ़ गये हैं। उसके काम आने वाली सब ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ गये हैं। ऐसी हालत में यदि किसानों की पैदावार के भाव को सीमित कर दिया जायगा, और उनकी ज़रूरत की चीज़ों के भावों को गिराया नहीं जायगा तो किसानों के पल्ले एक पैसा भी नहीं पड़ेगा। वैसे ही किसानों की हालत अत्यन्त दयनीय है और उनकी आमदनी इतनी कम है कि न तो वे अपने बच्चों को पढ़ा सकते हैं, न अच्छा कपड़ा पहन सकते हैं और न ही अच्छे घर बना सकते हैं। दूसरी बात यह है कि जब तक किसानों की पैदावार का उचित मूल्य नहीं मिलेगा तब तक देश में अनाज की पैदावार कम होने की जो शिकायत होती है, वह शिकायत रफ़ा न हो सकेगी और देश में अन्न की उपज बढ़ नहीं सकेगी।

अन्न के उत्पादन पर, खाने की जितनी चीजें हैं जो लोग इनके दामों पर नियन्त्रण रखना चाहते हैं, यह वे लोग हैं जो कि शहरों में रहते हैं और जिनकी आबादी १२ प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा है। इसमें वे लोग जो कि मिलों में काम करते हैं, शामिल नहीं हैं जिनकी कि तादाद २ परसेंट या ढाई परसेंट तक है। यह वे लोग हैं जैसे कि हमारे बनजी साहब हैं जो कि न धान को पहचानते हैं, न चने के पौधे को पहचान सकते हैं लेकिन चूंकि उनको वोट लेना शहर के लेवर क्लास से होता है इसलिए वे यह मांग करते हैं कि अनाज के मूल्य निश्चित किये जायें और उनको बढ़ने न दिया जाय। यही कारण है कि शहर के लोग जब बात करेंगे तो किसानों की पैदावार की कीमत को कम करने या घटाने की। इसके अलावा वे और कोई सुझाव नहीं देंगे। अन्त में थोड़ा सा यह जरूर कह देंगे कि किसानों को भी उनकी उपज के उचित मूल्य मिलने चाहिएं लेकिन हकीकत यह है कि उसके लिए न तो उनके दिल में दर्द है और न ही उसके लिए वे कोई ज्यादा जोर देते हैं।

मैं निवेदन करता हूं कि जब कि कपड़े का दाम, लोहे का दाम या और चीजों के दाम घटाने की बात आती है तो सरकार के सामने या और लोगों के सामने यह सवाल आ जाता है कि मशीनरी के दाम बढ़ गये हैं, वेजेज़ इतनी बढ़ गयी है जिससे कि कपड़े के दाम बढ़ाने पड़ गये हैं, । इसी तरह से जूट का सवाल जब हम लोगों ने यहां उठाया और उसकी कीमत निर्धारित करने की बात हुई तो बराबर यह कहा गया कि अभी इतना भाव उसका गिरा हुआ है कि मिल मालिकों और अन्य सभी सम्बन्धित लोगों को फायदा नहीं हो रहा है और उस में घाटा हो रहा है। या पाकिस्तान के जूट के काम्पीटीशन में हम नहीं आ रहे हैं। ये बातें किसानों की पैदावार के बारे में कही गई। लेकिन दो दिन पहले अखबारों में यह समाचार आया कि उस इंडस्ट्री में काम करने वाले मज़दूरों को तीन करोड़ रुपया बोनस दिया जायगा।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि लेबर का एक संगठन है और मिल मालिकों का भी एक संगठन है, लेकिन किसान सारे देश में फैले हुए हैं और उनका कोई संगठन नहीं है। यहां पर जो लोग लेबर की बात करते हैं, या विरोधी दल के जो लोग शहरों के लोगों की बात करते है, उनका जोर पड़ता है और सरकार उन से दब जाती है। लेकिन किसानों का कोई

[श्री क० ना० तिवारी]

संगठन न होने की वजह से उन का ज़ोर नहीं पड़ता है और उनका सवाल बराबर मुग़ालते में चला जाता है । सवाल यह है कि अगर जूट इंडस्ट्री तीन करोड़ रुपया बोनस में दे सकती है और तब भी वह इंडस्ट्री काम रह सकती है, तो क्या वजह है कि जूट का दाम ज्यादा न दिया जाये ?

लेबर से हमें कोई ग्रज नहीं है । हम नहीं कहते कि उनकी तनख्वाहें न बढ़ाई जायें और उनकी हालत अच्छी न की जाये । की जाये, लेकिन साथ ही साथ किसानों का जहां सवाल आता है, उन के दो पैसे का सवाल आता है, तो उसको भी वही महत्व दिया जाये, जो कि मज़दूरों के प्रश्नों को दिया जाता है, जब कि इस मुल्क में किसानों की आबादी ८२ फ़ी सदी है और वे इस मुल्क का कम से कम ५० परसेंट रेवेन्यू गवर्नमेंट को देते हैं और विदेशी मुद्रा प्राप्त करने वाली सारी चीजें पैदा करते हैं ।

जहां तक पानी और पैदावार के लिए आवश्यक दूसरी चीजों का सवाल है, वे बराबर यहां डिस्कस होती हैं । मैं उनमें नहीं जाना चाहता, लेकिन एक बात की ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान ज़रूर आकर्षित करूंगा और वह यह है कि जो रेगिस्तान का हमारा इलाका है, उसमें पानी उपलब्ध करने का कोई प्रयत्न किया जाये । जैसे तेल को साफ़ करने के लिए आसाम से बरौनी तक पाइप-लाइन डाली जा सकती है, वैसे ही इस बात की भी जांच होनी चाहिये कि जो रेगिस्तान का इलाका है, जहां पर अभी तक पैदावार नहीं होती है, वहां भी नहर, नलया किसी दूसरे तरीके से पानी ले जाया जाये और उस जगह पर पैदावार बढ़ाई जाये ।

जैसा कि अभी माननीय सदस्य, श्री यशपाल सिंह, ने कहा है, जब हम लोग एग्रीकल्चर में बिजली का इस्तेमाल करते हैं, तो हमको १६ नये पैसे पर यूनिट देना पड़ता है, जब कि इंडस्ट्री को सिर्फ़ ३ नये पैसे देना पड़ता है । मैं कहना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर भी एक इंडस्ट्री है और इसलिए उस पर भी वही रेट होना चाहिए, जो कि दूसरी इंडस्ट्रीज़ के लिए होते हैं ।

सरकार अरबों रुपयों का खाने का माल बाहर से मंगाती है । यहां भी हमारी पैदावार में कमी कर्जे की सहूलियत न होने की वजह से हो जाती है । हमारे बड़े लोग और प्लानिंग कमीशन में बैठे हुए लोग हमारी दिक्कतों को नहीं समझते । हमारी और दिक्कतों के अलावा सब से बड़ी दिक्कत कर्जे की है । अगस्त, सितम्बर, अक्तूबर और नवम्बर, ये चार महीने गृहस्थों के खेती का वक्त है । खास तौर से धान को खेती वगैरह के लिये यह बड़ा कठिन और बड़ा ही खराब वक्त है । उस समय रुपया हमारे पास कम हो जाता है । जब हम महाजन के पास जाते हैं, तो जमीन के सवाल को लेकर और सोने के सवाल को लेकर जो दिक्कतें पैदा हो गई हैं, उन की वजह से हम को कर्जा नहीं मिलता है । अगर हम कोई चीज़ गिरवी रख कर रुपया लेना चाहते हैं, तो नहीं मिलता है । अगर हम १०० रुपया कर्जा लेने हैं, तो २०० रुपये का हैड-नोट बनवा लिया जाता है ।

यहां पर को-आपरेटिव आदि दुनिया भर की जिन चीजों का जिक्र किया जाता है, उन से हम को समय पर कोई मदद नहीं मिलती है । ऐसी हालत में इस बात की तह में जाने की जरूरत है । खासकर हम नये मंत्री महोदय से निवेदन करेंगे कि इस बात की तरफ उन का ध्यान जाये कि जल्दी से जल्दी सरकारी कर्जा, खासकर खेती के वक्त, हम को मिल जाये, जिस से हम मजदूरों को उन की मजदूरी दे सकें और रोपनी, सहनी और दूसरे कामों को कर सकें । इस का तरीका बड़ा सिम्पल होना चाहिये, जिस से समय न लगे । अगर समय नहीं लगेगा

और तरीका सिम्पल होगा, तो भ्रष्टाचार भी कम हो जायगा ।

माननीय सदस्य, श्री बनर्जी, ने भ्रष्टाचार की बात कही और सारा दोष सरकार पर लगाया और कुछ पाटिल साहब के सम्बन्ध में भी उन्होंने कहा ।

**Shri S. M. Banerjee:** I have not said that.

**श्री का० ना० तिवारी** : खैर, यह तो प्रचार के लिये उन्होंने कहा । वह प्रचार के लिए कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि जब मैं यह सुनता हूं कि अपोजीशन के कोई मेम्बर ऐसे हैं, जो कि एक एक लाख सर्टिफिकेट गुड कैरेक्टरके लोगों को देते हैं, तो क्या वह भ्रष्टाचार में आता है या नहीं । (*Interruption*). क्या यह भी भ्रष्टाचार नहीं है कि जो आये, एक सर्टिफिकेट उस को दे दिया और एक लाख, डेड़ लाख आदमियों को सार्टिफिकेट दे दिया ?

**श्री विश्राम प्रसाद** : अगर आठ लाख जनता में से एक लाख आदमियों को सर्टिफिकेट दे दिया तो क्या बुरा किया ?

**श्री का० ना० तिवारी** : माननीय सदस्य की जानकारी अच्छी है । लेकिन इस समय यह सवाल नहीं है । चूंकि उन्होने यह सवाल उठाया और सारा दोष सरकार पर मढ़ दिया, इस लिये मैंने यहबात कहीं है। (*Interruption*).

**श्री विश्राम प्रसाद**: कुछ लोग पैसा ले कर भी सर्टिफिकेट देते हैं ।

**श्री का० ना० तिवारी** : उपज का जो सवाल है, (*Interruption*).

**उपाध्यक्ष महोदय**: आर्डर , आर्डर ।

**श्री का० ना० तिवारी** : जहां तक उपज का सवाल है, इस बात को कहना बड़ा मुश्किल है कि उपज कब और कैसी होगी । सूखा है, बाढ़ है, कभी अतिवृष्टि हुई, कभी अनावृष्टि हुई, कभी कीड़े लग गये—इतने सवाल हैं किसानों के सामने यह कहना बड़ा कठिन है कि हम टारगेट को पूरा कर देंगे और अगले साल हमारी पैदावार इतनी हो जायेगी । हम लोगों ने सोचा कि पिछले साल गन्ने की जो पैदावार हुई, इस साल उस से पच्चीस, तीस परसेंट ज्यादा होगी । बिहार में होने की संभावना है, लेकिन जहा तक यू०पी० का सवाल है, जो हालत वहां की है, वहां पर मौसम जिस तरह से खराब हुआ, उस को दृष्टि में रखते हुए अगर पैदावार दस परसेंट भी ज्यादा होगी, तो बड़े भाग्य की बात होगी ।

किसान को आज नेचर के ऊपर बहुत ज्यादा डिपेंड करना पड़ता है । एग्रीकल्चरल डिपार्टमेंट, प्लानिंग डिपार्टमेंट और दूसरे डिपार्टमेंट उस को नेचर से बचाने के लिये जो कुछ कर रहे है, वे उस से आगे भी जितना हो सके, सोचने और उस तरफ ध्यान देने की कृपा करें ।

चूंकि समय नहीं है, इस लिये मैं धन्यवाद के साथ समाप्त करता हूं ।

**Shri Dinen Bhattacharya** (Serampur): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the question of rise in prices in being discussed now.

**Shri P. R. Patel:** There are two opinions in the House, one for lowering the prices of foodgrains and the other holding that it is not adequate. So, the other opinion may also be allowed to be expressed.

**Mr. Deputy-Speaker:** Each hon. Member will express his own opinion. As far as possible, many hon. Members will get a chance provided they keep to the time-limit.

**Shri Dinen Bhattacharyya:** I am grateful to the hon. Mover and I must congratulate him on his bringing up such an important issue for discussion in the House. This is agi-

[Shri Dinen Bhattacharyya]

tating the minds of the people throughout the country. In this connection I may draw the attention of the hon. Minister, through you, to a survey conducted by the News Service of the *Times of India* which was published on the 10th August last.

This is what is revealed:

> "where a householder would have needed Rs. 100 a month a year ago to feed, clothe, house and maintain his family in good health, he would now need between Rs. 115 and Rs. 140."

There is 15 to 40 per cent rise in the cost of living. That is the conclusion arrived at by the survey made by the *Times of India*. In this survey, special features of some places have been highlighted. I would like to mention only a few of them.

> "In Bihar, prices of coarse rice rose by 20 per cent and of medium qualities 13 per cent in the past few weeks. The cost of maize and pulses went up by 15 per cent. In July last year, coarse rice sold for Rs. 57 to Rs. 59 per quintal. In Patna today, it sells for Rs. 64.30. Pulses cost Rs. 7 more per quintal and maize Rs. 4 more. Official figures show that the price of mustard oil has increased by 27 nP. per kilo, potatoes by 20 nP. and sugar by 31 nP. between April and July, 1963."

I can cite so many examples from this survey and from my personal experience in my province. In West Bengal, the situation is worse of all the provinces. The condition which is now prevailing there is known to the Government and to the people at large that the people of Bengal are passing through a starving condition. Instead of depending on the statistics which are given by the Government departments, if we personally visit a village and make an on-the-spot survey, we will see that the maximum number of people are not getting two meals a day.

A few days back the *Hindustan Standard*, Calcutta edition, gave an account of the price of rice that is now prevailing in West Bengal. The *Hindustan Standard* states that the price of rice, both wholesale and retail, has risen from Re. 1 to Rs. 1.25 nP. during the last one month. You just imagine what is the condition prevailing there. Within a month, the cost of rice has gone up from Re. 1 to Rs. 1.25 nP. For purchasing one kilo of medium quality rice in West Bengal, in Calcutta, you will have to pay nearabout 14 annas and sometimes Re. 1. Such is the condition which is prevailing in West Bengal and it is not only in West Bengal but it is in other places also, as is shown by the survey that has been undertaken by the *Times of India*. The *Statesman* has also published an article from the report of their Staff Reporter which reveals that it is not only the cost of rice but the cost of every article has gone up in all places, especially in West Bengal. Take, for example, fish which is not a luxury food. Some people may say, who are not accustomed to taking fish, that fish is a luxury food. But in West Bengal it is a very essential food. The cost of fish is so high today that for one seer of fish you have to pay about Rs. 5 to 7. The Government of West Bengal have admitted the fact that there has been an abnormal rise in the price of fish and also in the prices of the other food articles. But no concrete steps have as yet been taken to bring down the prices, and as the days go by, the prices are rising higher and higher, and they have reached such a stage that it has almost become an unbearable thing for the ordinary people. They are cursing the Government and they are cursing the policy of Government and they are wondering why such state of affairs is being allowed by Govern-

ment to prevail. They believe that if Government are serious about the big assurances that had been given here as well as in the State Assemblies, that they would hold the price-line, they should have taken some concrete steps in this regard. No concrete steps have been taken so far to improve the situation, and that is why there is no control over the price-line and the prices are rising. Not only the prices of the daily necessities but the prices of other things are also increasing. I might also mention that Government themselves are increasing the cost of their own products.

Take, for example, the fares on the State-owned buses in West Bengal. They are going to increase the fares on the State buses. If they do so, then there is no reason why the rikshaw-pullers or the bullock-cart drivers will also not increase their fares, and, in this way, there is a chain of rises, and on account of this chain rise, the whole population are practically in a starving condition.

**15·47 hrs.**

[SHRIMATI THIRUMALA RAO *in the Chair*]

Therefore, there was an agitation in West Bengal. After so many agitations, now the West Bengal Government have come forward with a statement that they would apply the Defence of India Rules against the profiteers and the hoarders. But I know personally what will actually take place. Action will be taken only against the small frys and the small shop-keepers. But the big hoarders who are responsible for the present situation, and who actually are amassing huge profit in this emergency will not be touched, will not be prosecuted and will be left scot-free. It is only the ordinary shop-keepers and the ordinary traders who will be in trouble, and that has been our past experience during the last few years in West Bengal.

I would submit that if only the Central Government took a little care they could bring down the prices. Take, for example, the price of cloth. The price of cloth has now gone up. When the cloth comes out from the mills, there is the Taxmark stamped on it. Today also, the Taxmarks are there. In 1956, the price of cloth was pegged at a particular level. But since then what has happened? The same Texmarks are still there, but if you go to the market, you will find that the same cloth which was sold at a particular price in the market one year back is now sold at a much higher price. How do they do it? Before the cloth reaches the consumer from the millowner, it has to pass through four tiers. The millowner has got distributor who is the agent of the factory. He takes some commission. He gives it to the wholesaler, who gives it to a semi-wholesaler who gives it to a sub-wholesaler. In this process, a huge amount is charged before the commodity actually reaches the consumer. In this way, the price goes up. If the middlemen are removed and if arrangement is made to give the cloth from the millowner direct to the consumer, prices can be brought down to a great extent. To that end steps must be taken by Government. I request the hon. Minister to do so.

Now, Sir, the Government of West Bengal says that it will apply the DIR if traders charge more than the profit fixed by Government. But before determining the profit, the price must be fixed. If the cost of the commodity is not fixed, only the profit is fixed, then it will be a fiasco. So if you want to check rise in prices, if you want to curb the profit urge of traders, you must come forward with fixation of price. The fixation or control of price as it was in old days or as it is still now in respect of sugar and other articles—that sort of control will not do. Real control will be necessary. If we only depend on the corrupt government machinery, the situation cannot be controlled and prices cannot be held. If real control

[Shri Dinen Bhattacharyya]

is to be achieved, the ordinary villagers, ordinary people, workers, must be taken into confidence.

There was a promise, a great promise no doubt, made by the Labour Minister on the fifth of last month that in factories where more than 300 workers are working, they will open a consumer co-operative or fair price shop, within four weeks. But so far as my knowledge goes, not a single co-operative has been opened in West Bengal. I do not know about other places, but not a single shop has been opened in West Bengal. A promise was given, an assurance was given that within 4 weeks, this would be done. But uptil now it has not been done. Whatever assurance or promise is given, if Government tries to implement it with the co-operation of the people, it wil be easy to check the rise in prices and to hold the prices somewhere. Now there is no end to prices shooting up. Rice is now selling at Rs. 40; along with the rise in price of rice, cost of vegetable products are going up, and along with that there is the price of fish going up. Everything is tied in this chain, with the result that the cost of living of the whole low and middle income group is going up everyday.

In West Bengal, responsible persons and political parties other than the Congress, and Congressmen also outside the House, are asking for the fixation of the price of rice at Rs. 22 per maund. The rice that we are now getting was procured last January when the procurement price was Rs. 12 to Rs. 13, of coarse now it has been fixed at Rs. 16. If you purchase paddy at Rs. 12 to Rs. 13 per maund, what is the difficulty in giving one maund of rice at Rs. 22? I know the new Minister is very sober at least in his assessment of situation and I hope he will consider this demand.

State trading also must be introduced in all the States, so that the middlemen will go away, and the people will be able to get the articles directly from the Government agencies. The profit grabbed by the middlemen will then disappear and prices will come down without any difficulty.

**Mr. Chairman:** Shri Tulsidas Jadhav.

**Shri Sheo Narain** (Bansi): We have been sitting here for a long time, we have been approaching the Chair.

**Mr. Chairman:** I have called him. I cannot explain at every stage and every time why I call a particular Member. There are certain conditions and rules that have to be observed.

**श्री तुलसीदास जाधव** (नांदेड़) : सभापति महोदय, इस हाउस के सामने जो दो मोशन हैं, एक राइजिंग प्राइसेज के बारे में और दूसरा फूड पालिसी के बारे में, अगर उन के बारे में बोलना हो तो कहना पड़ेगा कि इस में कोई शक नहीं है कि जितनी तेजी से देश में अनाज की पैदावार बढ़नी चाहिये थी और प्राइसेज के हिसाब से जो चीजें लोगों को ठीक से मिलनी चाहियें थीं वह नहीं मिलती हैं ।

अगर अपने यहां की स्थिति को देखा जाये तो आज पन्द्रह सोलह वर्ष हो गये हम हमेशा अनाज बाहर से मंगाते हैं । अगर इन आंकड़ों को देखा जाये कि हम किस सीमा तक मंगाते हैं तो पता चलेगा कि सन् १९५४ में हम ने कैनाडा से ८३० मिलियन टन और सन् १९६१–६२ में हमने बढ़कर ३,४९५ मिलियन टन मंगाया है । अपने पास देश में इतनी जमीन होते हुए भी, किसान काम करने के लिये तैयार होते हुए भी, अनाज की उपज क्यों नहीं बढ़ती है ? इस का एक कारण मुझे यह दिखलाई पड़ता है, जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा, कि फार्मर्स की जरूरतों का जितना ख्याल हमें करना चाहिये उतना नहीं किया जा रहा है ।

यह बात सही है :

**16 hrs.**

आज देश में ८५ पर सेंट से ज्यादा पापुलेशन एग्रीकल्चुरिस्टस की है पर उनकी ओर जितना ध्यान देना चाहिये उतना नहीं दिया जाता। जब हम जेल में थे तो गांधी जी कहते थे कि स्वराज्य के मानी थोड़े से लोगों के लिये स्वराज्य से नहीं हैं, बल्कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिये होगा। जिनके नाम पर हमारा अशोक स्तम्भ है उन्होने कहा था कि बहुजनो के लिये सारा कारोबार चलना चाहिये। लेकिन आज जितनी तेजी से यह काम होना चाहिये वह नहीं हो रहा है।

बहुत से भाइयों ने कहा है कि रोजाना के इस्तेमाल की चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। मैंने देखा है कि किसान जो पैदा करता है उसको अपनी पैदावार का जितना मूल्य मिलना चाहिये वह नहीं मिलता। बाजार में वह चीज जिस कीमत पर बेची जाती है वह कीमत किसान के पास नहीं जाती। जो मिडिल मैन है वह किसान से अनाज ले कर रख लेता है और जब उसकी कमी होती है तो उसको भाव बढ़ाकर बेचता है और कन्ज्यूमर से अधिक दाम ले लेता है। लेकिन यह पैसा किसान के पास नहीं जा पाता। इस लिये आवश्यकता इस बात की है कि इस मिडिल मैन को कम किया जाय और जो कीमत आती है वह पैदा करने वाले को चली जाय। अगर ऐसा होगा तो इससे पैदा करने वाले को उत्तेजन मिलेगा। लेकिन यह होता नहीं है।

इस हाउस में कई बार कपास के बारे में सवाल आया। मुझ से पहले जो सदस्य बोले उन्होंने गन्ने और चीनी की चर्चा की। उन्हों ने कहा कि गन्ना पैदा करने वाले को उत्तेजन देने की आवश्यकता है।

सरकार कहती है कि १५ वर्षों में इतना उत्पादन बढ़ गया है और उसके आंकड़े देती है। लेकिन मेरे ख्याल से इन आंकड़ों में कुछ गलती है। क्या गलती है यह मेरी समझ में नहीं आता। मैं कुछ आंकड़े "कृषि संसार" नाम के एग्रीकल्चरल जरनल से, जोकि १५ अगस्त सन् १९६३ का है, कुछ आंकड़े आपके सामने रखना चाहता हूं। इसमें १९५३ से १९६२ तक की पैदावार के आंकड़े दिये गये हैं। इनसे प्रकट होता है कि जनरल ग्रुप में हिन्दुस्तान का आंकड़ा १० से बढ़ा है जबकि पाकिस्तान का २–४, इंडोनेशिया का १–४, जापान का २–४, ओसेनिका एशिया और फ्री पोर्टस का २–३, कांटीनेंटल साउथ ईस्ट एशिया का २–२ और नार्दर्न कांटीनेंटल कंट्रीज का १ बढ़ा है इन आंकड़ो से मालूम होता है कि हिन्दुस्तान प्रोडक्शन का जो इंडेक्स फिगर है वह सब से ज्यादा बढ़ा है।

इसी तरह आप देखें कि फुड ग्रुप में हिन्दुस्तान का आंकड़ा १०–२ बढ़ा है, और उसके मकाबले में पाकिस्तान का २–३, इंडोनेशिया का १–७, जापान का १–६, ओसेनिका एशिया और फ्री पोर्टस का २, कांटीनेंटल साउथ ईस्ट एशिया का २–४, नार्दर्न कांटीनेंटल कंट्रीज का १ बढ़ा है। इसी तरह से नाना फुड ग्रुप में भी हिन्दुस्तान का आंकड़ा बढ़ा हुआ नजर आता है। लेकिन समझ में नहीं आता कि यह आंकड़ें केवल कागज पर बढ़ें हैं या खेतों में इतनी पदावार बढ़ी है।

**एक माननीय सदस्य** : खाने वाले भी तो बढ़ गए हैं।

**श्री तुलशीदास जाधव** : यह बात सही है कि खाने वाले बढ़े हैं। लेकिन जो प्लानिंग आज किया जाता है उसको आबादी की बढ़ौतरी को ध्यान में रख कर ही तो करना होगा।

दूसरी बात मेरे को यह खुलासा होनी चाहिये—मैंने इस सवाल को कंसलटेटिव कमेटी में भी पूछा था – और उस समय भूत-

[श्री तुलशीदास जाधव]

पूर्व मंत्री श्री पाटिल साहब ने और डा० राम सुभग सिंह जी ने काबूल किया था कि जो आंकड़े निकाले जाते हैं उनका कोई बेस नजर नहीं आता । मुझे यह खुलासा होना चाहिये कि इन आंकड़ों का बेस क्या है । आप किसी भी देहात में चले जायें तो आपको ग्राम सेवक से, पंचायत के सेक्रेटरी से या सरपंच से किसी से भी यह पता नहीं चलेगा कि ये आंकड़े कहां निकाले जाते हैं । मैं जब रूस गया था तो एक देहात में मैं ने देखा कि वहां ग्राम सभा के पास सारे आंकड़े थे । उस गांव में दो हजार हैक्टर जमीन थी । इस जमीन में कौनसा अनाज और कितना अनाज हुआ इसके नक्शे उस गांव में थे । लेकिन हमारे देहात में तो इस तरह के कोई नक्शे नहीं हैं । किस जमीन में कौन जा अनाज और कितना हुआ यह जानना कोई कठिन बात नहीं है । हमारे यहां तो ग्राम सेवक ग्राम पंचायत सेक्रेटरी, सरपंच, उपसरपंच, आदि हैं और जिला परिषदों के और ताल्लुक परिषदों के प्रेसीडेंट हैं जिनमें एक ५०० रुपया तनख्वाह लेता है, उन्हीं के पास मोटर है बंगला है, और दूसरा ३०० रुपये महीना लेता है । तो इतने आदमी हैं लेकिन किसी गांव में कोई आंकड़ा नहीं है कि इसमें जो जमीन है उसमें कौनसा अनाज और कितना हुआ ।

**एक माननीय सदस्य** । पानी पत्र तो रहता है ।

**श्री तुलशीदास जाधव** : वह तो रहता है । लेकिन उसमें कवल यह रहता है कि गेहूं पैदा हुआ, कितना हुआ यह उसमें नहीं रहता । इसका कोई आंकड़ा नही है । यह आंकड़ा इस तरह निकालते हैं कि किसी गांव में चले जाते हैं, एक खेत से थोड़ा सा अनाज लेते हैं और उसका कैलकुलशन करते हैं । हर किसान जानता है कि उससे कितना अनाज पैदा हुआ है, जमीन का आंकड़ा हमारे पास है । किसान से पूछ कर यह मालम किया जा सकता है कि उसकी जमीन में कौनरसा अनाज अर कितना हुआ है । लेकिन ऐंसाफिगर नहीं है । (*Interruptions.*)

**Mr. Chairman:** Order, order. You cannot carry on cross-talks from sitting there. Please allow him to complete his speech. I am not allowing more time than is stipulated.

**श्री तुलशीदास जाधव** : मैं ने जहां तक देखा है गिनती बराबर नहीं है । अगर मैं गलत क ता हूं तो मुझे बताया जाय । जब मैं ने सवाल किया था तो पाटिल सा ब ने और डा० राम सुभग सिं ने मुझे झूठा नहीं ठहराया बल्कि कहा था कि फिगर नहीं है । मैं जानना चाहता हूं कि यह फिगर कैसे निकाला जाता है । किसान को मालूम है कि उस की जमीन में कितना हुआ है । उस से मालूम किया जा सकता है ।

जब पाटिल साहब से सप्लीमेंटरी सवाल पूछे कि फिगर कैसे निकालते हैं तो क ा कि फरटीलाइज़र और तगाई को देख कर निकालते हैं । मेरी दृष्टि से इस में थोड़ी दुरुस्ती होनी चाहिए । देश में जमीन काफी पड़ी है, किसान जोतने के लिये तैयार है फिर पैदावार क्यों नहीं बढ़ती । कहा जाता है कि इंसेंटिव नहीं है । लेंकिन जैसा पाटिल सा ब ने बतलाया था इंसेंटिव का सवाल तो वहां आता है ज ां कलेक्टिव और स्टेट फार्मिंग हो । यह झगड़ा दूसरे देशों में आ सकता है, लेकिन हिन्दुस्तान में तो कलेक्टिव या स्टेट फार्मिंग नहीं है । यहां तो इस तर का इंसेंटिव का सवाल पैदा नहीं होता । य ां तो किसान को जबरदस्त इंसेंटिव है । आवश्यकता इस बात की है कि किसान को जो चीज चाहिए व उसे वक्त पर मिलनी चा ए । यह मैं ने कई बार कहा है ।

दूसरी बात मैं य क ना चा ता हूं कि अनाज की क़ीमतें बढ़ने की बात की जाती है, तो उस के बारे में मेरे पास इस समय आंकड़े

हैं । बुलेटिन ग्रौन फूड स्टैटिस्टिक्स जनवरी १९६२ को यदि देखा जाय तो पता लगेगा कि फूड प्राइसेज़ कोई ज्यादा नहीं बढ़ी हैं । लेकिन प्राइसेज़ बढ़ी ज़रूर हैं । ग्रब ग्रगर इसी के साथ जो कंज्यूमर्स हैं ग्रगर उन की ग्रामदनी भी बढ़ जाय तो फिर थोड़ी बहुत बढ़ी हुई प्राइसेज़ का उन पर कोई विशेष ग्रसर नहीं होगा । लेकिन जब प्राइसेज़ तो बढ़ती हैं ग्रौर जो लेने वाले कंज्यूमर्स होते हैं उन की ताक़त नहीं बढ़ती है, उन को जो पैसे ज्यादा मिलने चाहियें, वह नहीं मिलते हैं तो उस से उन्हें ग्रनाज ज्यादा महंगा मालूम देता है । यह तो कंज्यूमर्स एप्वाइंट ग्रौफ़ व्यू रहा । लेकिन इसी के साथ हमें किसानों के हितों को भी नज़रग्रंदाज़ नहीं करना होगा । ग्राज किसानों को ग्रपनी ज़रूरत का सामान बाज़ार से खरीदना पड़ता है वह बहुत महंगा हो गया है इसलिए यह उचित है कि किसानों को भी उस की उपज के मुनासिब दाम मिलें । किसान की उपज ग्रौर उस की ज़रूरत की ग्रन्य चीजों के दामों में एक प्रपोरशन होना चाहिए । किसान की उपज के दामों में ग्रौर बाहर से जो हम ग्रन्न मंगाते हैं उन के दामों में एक प्रपोरशन होना चाहिए । इस तरह का प्रपोरशन होने से उस की क़ीमत का कोई ग्रसर नहीं होगा । ग्रब क़ीमत की बात ऐसी है कि रूस में मैं ने देखा है कि जो साबू हमारे यहां ६ ग्राने का मिलता है वहां वह १ रुपये ४ ग्राने का मिलता है । यहां ग्रगर लोगों को २५० रुपये पगार मिलती है तो वहां रूस में १००० रुपये मिलती है । मैं चाहता हूं कि ग्रौर मेरी विनती है कि गवर्नमेंट इन के बीच में एक प्रपोरशन रखे ।

यह ठीक बात है कि जो छोटे कर्मचारी ग्रौर निचली श्रेणियों के लोग हैं उन की हालत बड़ी ख़राब है । महंगाई ग्रत्यधिक बढ़ गई है ग्रौर यह उचित है कि ग़रीब कंज्यूमर्स को ग्रनाज सही ग्रौर मुनासिब दाम पर मिल सके । इस सम्बन्ध मे मेरा कहना यह है कि इतना पैसा जो सरकार बाहर से ग्रनाज मंगाने पर हर साल खर्च करती है ग्रौर हमारा काफ़ी पैसा विदेशों में जाता है वही पैसा हिन्दुतान में हमारे जो खेत हैं ग्रर्थात् किसान हैं उसको सरकार ग्रधिक ग्रन्न उत्पादन के हेत दे । ऐसा करने से मैं समझता हूं कि देश में ग्रन्न का उत्पादन ग्रधिक हो सकेगा ग्रौर हमें तब बाहर से भारी मात्रा में गल्ला मंगाने की जरुरत ही नहीं पड़ेगी । सन् १९६१ में हमने विदेशों से ३,४९५ थाउज़ेंड मैट्रिक टन खाद्यान्न मंगाया जिस की कि क़ीमत हमें १,२९,५६ लाख रुपये देनी पड़ी । इतना रुपया हमरा बाहर देशों में गया । ग्रब ग्रगर यही पैसा विदेशों में न भेजा जा कर यहीं ग्रपने देश में किसानों को वक्त ज़रूरत पर दे दिया जाता तो हमें बाहर से ग्रनाज मंगाने की ज़रूरत ी नहीं पड़ती । ग्रगर किसान को वक्त पर सहायता मिल जाय तो वह ग्रधिक ग्रनाज पैदा करने के लिए तैयार है ग्रौर वह ग्रनाज की पैदावार बढा कर दिखा सकता है । सरकार को किसानों की जरूरतों की ग्रोर देखना होगा ग्रौर उन को ग्रधिक ग्रन्न उपजाने के हेतु सभी संभव प्रोत्साहन देने होंगे ।

किसान को वक्त ज़रूरत पर पैसा नहीं मिलता है । बाद में जब उसे ज़रूरत नहीं होती है तब ग्रलबत्ता पैसा उस के घर पहुंचाया जाता है । मैं ग्रपने जिले शोलापुर की एक मिसाल देना चाहता हूं कि वहां पर कुएं खोदने के लिए एक महीने के ग्रंदर २० लाख रुपये बांटे गये जिसका कि नतीजा यह हुग्रा कि रोजाना की मजदूरी २ रुपये की जगह ६ रुपये हो गई । १२ ग्राने की जो बत्ती मिलती थी कुग्रां खोदने के लिए उस की क़ीमत सात रुपये हो गई । हमेशा के लिए किसान की पैसा लेने में ६, ६ महीने का समय लग जाता है ग्रौर इसके लिए बारबार उस को कचहरी वगैरह में दौड़ना पड़ता है । वक्त पर उस को पैसा नहीं मिलता है एक भाई ने जैसा कहा कि हमारे नये फूड मिनिस्टर ग्रौर उन के सहयोगी वंश परम्परा से किसानी ग्रौर खेतीबाड़ी करने वाले रहे हैं, ग्रब वे स्वयं ग्राज इस को करते हैं या नहीं, यह

[श्री तुलशीदास जाधव]

तो मुझे मालूम नहीं है लेकिन इतना मैं अवश्य समझता हूं कि उन को इस क्षेत्र में अच्छा खासा अनुभव है और मुझे आशा है कि वे इस ओर गम्भीरता से ध्यान देंगे और देश की खाद्य समस्या को संतोषजनक हल निकाल सकने में सफल हो सकेंगे । मेरी प्राथना हैं कि इस बारे में वे ज़रा गहराई के साथ विचार करें, किसानों को खेती का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दें ताकि गल्ले के बारे में हम आत्मनिभर हो सकें । बस मुझे इतना ही कहना है ।

**Mr. Chairman:** There is one thing which I would like to state here. Members need not try to hustle me into calling them. I have got a list before me, containing the names of Members from all parts of the country. All parties, interests and areas will be given an opportunity, because it is an important debate. The time has also been extended up to Monday. Those hon. Members who do not get a chance today may take their chance on Monday. They should not misunderstand me if I follow a certain order.

**श्री कछवाय** (देवास) : सभापति महोदय, खाद्य-पदार्थ और दूसरी चीज़ों के भावों में असाधारण बृद्धि को नोट करने और गवर्नमेंट आफ़ इंड़िया की फुड पालिसी को कंसिडर करने के लिए हमारे मित्र श्री एस० एम० बनर्जी, और श्री यशपाल सिंह ने जो प्रस्ताव रखे हैं उन पर मैं इस सदन के सामने बहुत संक्षप में अपने कुछ विचार प्रक्ट करना चाहता हूं और इस सदन के द्वारा फुड मिनिस्टर साहब को ध्यान कुछ महत्वपूर्ण बातों की ओर दिलाना चाहता हूं । आज देश के अन्दर जिस प्रकार से चीज़ों के भाव बढ़ रहे हैं और जिसके कि कारण इस देश का ग़रीब तबक़ा ख़ासतौर से बहुत परेशान है और काश्तकार भी परेशान हैं, उस के बारे में हमें बहुत गम्भीरता से बिचार करना चाहिए। आज यह किसी से छिपा नहीं है कि सरकार की कृषि पालिसी किस तरह से नाकामयाब हो रही है और किस तरह से पैसा उस पर खर्च किया जा रहा है ? आंकड़े बड़े लम्बे चौड़ बतलाये जाते हैं लेकिन वास्तव में देखा जाय तो जो आंकड़ें दिये जाते हैं व सही नहीं होते हैं । हमारा शासन काफ़ी रुपये विदेशों में भेज कर वहां से गल्ला प्राप्त कर रहा है । आख़िर सरकार को यह रुपया प्राप्त कहां से होता है ? इस देश की गरीब लोग जिनकी तादाद बहुत अधिक है, सरकार को टैक्स देते हैं, शासन उस पैसे को किस तरह से बर्बाद करता है उस के कुछ आंकड़ें मैं सदन के सामने रखना चाहूंगा । हमारी सरकार ने सन् ५६-५७ में २४,५७,००० टन अनाज ख़रीदा जिस के अन्दर २७ परसेंट अनाज का स्टाक कम हो गया । वह अनाज का स्टाक कमरे में रखा गया, अच्छ गुदाम रमें रखा गया लेकिन वह इस प्रकार से कम हो गया। उस के बाद हम देखते हैं कि सन् १९५७-५८ में ४२,०६,००० टन अनाज विदेशों से ख़रीदा गया जिस में कि २९ प्रतिशत की कमी हो गयी । सन् १९५८-५९ में ४८,५२,००० टन अनाज खरीदा गया जिस में कि ३८ प्रतिशत की कमी हो गयी । सन् १९५९-६० में ५४,८७,००० टन आनाज विदेशों से ख़रीदा गया और इस अनाज के स्टाक में ६७ प्रतिशत की कमी पड़ गयी । यह आंकड़े सेंट्रल गवर्नमेंट की आडिट रिपोर्ट १९६२ से मैंने उतारे हैं जोकि मैं सदन के सामने रख रहा हूं । मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इस बारे में जानकारी दें कि आख़िर स्टाक में वह कमी क्यों हुई ? अब उन की ओर से कहा जायेगा कि जहां पर स्टाक जमा था उन स्टोर्स के चारों तरफ संगीनधारी सिपाहियों का पहरा बिठाया हुआ था और किसी चोरी की वारदात का होना मुश्किल था और यह जो स्टाक में कमी हुई है यह इस कारण हुई कि गुदाम में चूहे लग गये थ और व इतना अनाज खा गये । मेरा उस हालत में उन से यह कहना है कि आख़िर वह चूहे थे किस कलर के यह तो थोड़ा बतलाया जाय ?

**एक माननीय सदस्य** : वह चूहे अपोजीशन के थे ।

**श्री कछवाय** : माननीय सदस्य को मालूम होना चाहिए कि सफेद चूहों की खुराक काले चूहों की अपक्षा अधिक होती है इसलिए यह काम सफेद चूहों का है । काले चूहे कम खाते हैं ।

जब अनाज की बात आती है तो यह कहा जाता है कि देश में अनाज कम है लेकिन अनाज खाने वाले ज्यादा हैं । इसीलिए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से यह आदेश दिया जाता है कि लोगों को फैमिली प्लानिंग करनी चाहिए, उन को संतानें पैदा करना बंद करना चाहिए ताकि आबादी और अधिक न बढ़ सके । इस के लिए सरकार लोगों को नपुंसक बनाने में काफ़ी रुपया खर्च कर रही है । जब देश पर विपत्ति छाई हो, बाह्य आक्रमण का खतरा सामने मौजूद हो तब सरकार इस तरह से लोगों को नपुंसक बनाने में अरबों अर लाखों रुपया खर्च कर रही है । जब हमारे दरवाजे पर चीनी शत्रु मौजूद है और हमारी आज़ादी खतरे में है तो बजाय इस के कि सरकार लोगों को उस से लोहा लेने के लिए तैयार करती, वह उन को नपुंसक बना रही है । यह कितने बड़े अचरज की बात है ।

कुछ लोग यह भी कहते हैं कि चूंकि अनाज की देश में कमी है इसलिए लोगों को मांस अधिक खाना चाहिए । अब सवाल यह उठेगा कि मांस किस का खाना चाहिए ? सरकार को समय रहते इस अन्न की समस्या को हल करना चाहिए । अब मध्य प्रदेश में बहुतसी ऐसी जगहें हैं जहां अन्न की बहुत ज्यादा कमी है और वहां आज भी लोग झाड़ और पेड़ों के पत्ते खा कर अपना जीवन बसर करते हैं । बिहार उत्तर प्रदेश में कई जगहें ऐसी हैं जहां कि अनाज नहीं है और लोग गोबर में से अन्न के दाने बीन बीन कर खाते हैं । एक ओर तो अन्न की समस्या गम्भीर रूप धारण किये हुए है दूसरी ओर जरूरी चीज़ों के दाम बढ़ते ही जा रहे हैं और जिस का परिणाम यह हो रहा है कि गरीब जनता हाहाकार कर रही है । इस पर मजा यह है कि हमारा शासन यह कहता है कि हमारी पंचवर्षीय योजना बड़ी सफल हुई है । शासन के दलाल लोगों के द्वारा देहातों के अन्दर, शहरों के अन्दर अखबारों के जरिए यह प्रचार कराया जाता है कि अब अन्न की समस्या बहुत जल्दी हल हो जायेगी और हमारे देश के प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू की जो योजना थी वह सफल हो गई । कहा जाता है कि अनाज की समस्या हल हो गई, लेकिन जितना प्रचार होता है, देश में उतनी ही ज्यादा भुखमरी पैदा होती है । एक ओर मजदूर को बराबर मजदूरी नहीं मिलती है और दूसरी ओर चीज़ों के भाव इस प्रकार बढ़ाए जा रहे हैं कि जिस का कोई हिसाब नहीं है ।

मैं आप की अनुमति से कहना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में जो मज़दूर फ़ैक्ट्री में काम करते हैं, उन के महंगाई भत्ते में से तीन रुपया माहवार इसलिए कम कर दिया गया कि चीज़ों के दाम सस्ते हैं । मेरी समझ में नहीं आया यह कदम किस आधार पर उठाया गया । सीधी बात यह है कि इन भावों को तय करने के लिए जो कमीशन बैठा है, वह पूंजीपतियों और शासन का दलाल है और वह मज़दूरों की तरफ़दारी करने वाला नहीं है । साफ़ ज़ाहिर है कि वे कहते हैं कि महंगाई भत्ता कम कर दो, क्योंकि भाव सस्ते हैं और उस को कम कर दिया जाता है । प्रश्न यह है कि किस चीज़ के भाव के आधार पर यह कमी की गई । हम देखते हैं कि आलू के भाव के आधार पर भाव निकाले जाते हैं । यह देखना चाहिए कि उस चीज़ का भाव क्या है, जो रोज़ मज़दूरों के काम में आती है और जिस के बिना उसका काम नहीं चलता है और उस के आधार पर भाव तय होने चाहिएं ।

---

[श्री कछवाय]

चाहे कोई चपरासी हो, क्लार्क हो, चाहे किसी विभाग का कर्मचारी हो, मज़दूर हो, उन से काम तो जम कर और कस कर लिया जाता है, काम कराने में ज़रा भी ढील नहीं है, लेकिन जब महंगाई को देखते हुए तन्ख्वाहें बढ़ाने का सवाल आता है, तो कहा जाता है कि विचार करेंगे। जब इस कारण लोगों में बहुत रोष पैदा होता है, जब हिम्मत के साथ, बड़े ज़ोरों के साथ, यह बात सामने रखी जाती है कि तन्ख्वाह बढ़ाई जाये, तो हमारे शासन के नेताओं की बहुत दिनों से यह आदत पड़ गई है कि ऐसे अवसर पर वे किसी अच्छी चीज़ का उद्घाटन करेंगे, फिर भाषण करेंगे, उस के बाद चाटन करेंगे और आख़िर में आश्वासन देंगे। लेकिन उन आश्वासनों को पूरा नहीं किया जाता है। इस स्थिति में अनाज की समस्या किस प्रकार हल होगी ?

मैं ने कृषि मंत्री, डा० राम सुभग सिंह जी, को मध्य प्रदेश के काश्तकारों के बारे में दो तीन बातें बताई हैं। वहां पर काश्तकार का जब गन्ना लिया जाता है, तो उस को चार छः रोज तक वहां पर पड़े रहना पड़ता है। इस प्रकार पड़े पड़े वह छः आठ रुपये खा लेता है। चार छः रोज़ पड़े रहने के बाद उस का गन्ना लिया जाता है। वह गन्ना उसी से तुलवाया जाता है और मशीन में डलवाया जाता है। काश्तकार को पैसा कम दिया जाता है, उस से मेहनत ज्यादा ली जाती है और बाद में उस को शक्कर दो रुपये किलो के हिसाब से दी जाती है।

काश्तकार का गन्ना इतना सस्ता क्यों लिया जाता है, यह मेरे पूर्ववक्ताओं ने बड़ी अच्छी तरह से बताया है। हम देखते हैं कि कुछ लोगों के द्वारा काश्तकार और मजदूर के बीच में झगड़ा खड़ा किया जाता है। उन के बीच जो दीवार है, उस को हटा कर मज़दूरों को साफ़ बताना चाहिए कि काश्तकार जब अनाज बेचने आता है, तो अनाज ख़रीदने वाले व्यापारी एक गाड़ी के पीछे तीन चार रुपये अलग सेल्ज़ टैक्स के काट लेते हैं और कहते हैं कि चूंकि हम को भरना पड़ता है, इसलिए यह हम काट लेंगे।

आज आवश्यकता इस बात की है कि खाद्यान्न पदार्थों के दाम देश की परिस्थिति को दृष्टि में रखते हुए घटाये जायें और ग़रीबों, मज़दूरों और सारे देश की जनता को ठीक भाव पर, कंट्रोल रेट पर, चीज़ें मिलनी चाहिएं।

कपड़ा शहर में बनता है और उसके लिए कपास देहात से ली जाती है। लेकिन कपास का जो दाम दिया जाता है, उस का छः, सात, आठ गुना मूल्य कपड़े के लिए देहात के लोगों से लिया जाता है। जो अपने खून का पसीना कर के, रात-दिन एक कर के, सुबह चार बजे उठ कर, अपने खेत की रखवाली कर के और मेहनत के साथ कपास पैदा करता है, उस से कपास तो सस्ते दाम पर ली जाती है, लेकिन उस कपास से बना हुआ कपड़ा बहुत ऊंचे मूल्य पर उस को बेचा जाता है। यह दीवार क्यों है ? यह भेद क्यों रखा गया है ? काश्तकारों से इस प्रकार का अन्याय क्यों किया जा रहा है ? यह बीच की दीवार किस प्रकार ख़त्म हो ?

मैं दिल्ली में देखता हूं कि सब्ज़ी मंडी और पहाड़गंज में सब्ज़ी का भाव चार आने पाव है, लेकिन साउथ एवेन्यू और नार्थ एवेन्यू में वह आठ आने पाव बिकती है। इतना फ़र्क क्यों होता है ? शहर के एक मुहल्ले और दूसरे मुहल्ले के भाव में इतना फ़र्क क्यों है ?

**श्री काशी राम गुप्त (अलवर)** : साउथ एवन्यू में एम० पीज़० रहते हैं।

**श्री कछवाय** : यह भी ध्यान रखना चाहिए कि साउथ एवेन्यू में कुछ मज़दूर लोग भी रहते हैं, इसी संसद् भवन में काम करने वाले चपरासी और बेलदार लोग भी रहते

हैं । हम से चाहे ज्यादा दाम लिये जायें, लेकिन उन से तो कम लिये जायें ।

कुछ दिन पूर्व हमारे शासन के द्वारा, कृषि मंत्रालय द्वारा, ४४,८०,००० पौंड तम्बाकू रूस को बेचा गया । हमारे काश्तकारों को तो बहुत हल्का पैसा दिया जाता है, लेकिन शासन के द्वारा रूस को बेचे गए तम्बाकू में १,३८,६५८ रुपये का घाटा हुआ । यहां के मजदूरों और काश्तकारों को ज्यादा कीमत नहीं दी जायगी, उन से सस्ता सामान लिया जायगा, लेकिन बाहर हम घाटा उठा सकते हैं । शासन और व्यापारी वर्ग की यह हीन वृति क्यों है ? अगर व्यापारी वर्ग कोई धांधली करता है, तो शासन को अपनी सी० आई० डी० और खुफिया विभाग के द्वारा इस की छानबीन करवानी चाहिए । आज काश्तकारों से इतने सस्ते मूल्य पर अनाज लिया जाता है , जिस का कोई हिसाब नहीं है ।

व्यापारी लोग सीजन से पहले काश्तकार को रुपया दे देते हैं और सीजन आने पर पैसे के बजाये अनाज सस्ता वसूल करते हैं । इस अवस्था में देश में अनाज की बढ़ती हुई महंगाई को कैसे रोका जा सकेगा ? इस बात पर बड़ी गम्भीरता के साथ विचार करना चाहिए । आज देश में खाद्य पदार्थों की बहुत भयंकर और बड़ी समस्या है, क्योंकि किसी भी व्यक्ति का काम खाद्य पदार्थ के बगैर नहीं चल सकता है । शासन को इस बारे में अपनी नीति में सुधार करना चाहिए । स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा जो पैसा खर्च किया जाता है, उस में कमी कर के इधर पैसा लगाना चाहिए और काश्तकारों को ज्यादा प्रोत्साहन देना चाहिए ।

अन्त में एक उदाहरण दे कर मैं बैठ जाऊंगा । मध्य प्रदेश में कुछ काश्तकारों को को-आपरेटिव बैंक कर्जा देता है और उस कर्ज को बड़े कठोर ढंग से वसूल करता है और इस प्रकार काफ़ी पैसा कमाता है । मैं आप को बताना चाहता हूं कि काश्तकारों से ब्याज के रूप में लिए गए पैसे का उपयोग कैसे किया जाता है । उज्जैन में कोआपरेटिव बैंक का बड़ा अच्छा पक्का भवन आठ हजार रुपये का ठेका दे कर तुड़वाया गया और उस में पन्द्रह दिन लगे । उस को छैनी-हथौड़े से तुड़वाया गया । उस जगह से दो फ़रलांग की दूरी पर मेरा मकान है । मैं रात-दिन छैनी-हथौड़ी की आवाज सुनता था । हालांकि वह मकान बहुत अच्छा और पक्का था, लेकिन उस को यह कह कर तुड़वा दिया गया कि वह ठीक नहीं है और अब आठ लाख के खर्चे से एक नया भवन बनवाया जा रहा है । हमारे मंत्री महोदय, श्री नन्दा, यह घोषणा करते हैं कि कोई भी ऐसी स्कीम या निर्माण कार्य हाथ में नहीं लिया जायगा, जो कि अनावश्यक हो । लेकिन काश्तकारों के पैसे से आठ लाख रुपये की लागत से यह भवन बनवाया जा रहा है । शासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए ।

**Shri P. R. Patel:** Mr. Chairman Sir, today I am not going to burden my speech with figures and details The question of scarcity of foodgrains is the question. Every time, once in a session, we are debating on the question of foodgrains and prices. If we consider the debates that we have had and the expenses incurred by the State Governments and the Central Government, the result is absolutely zero, because I am sure, the debates and speeches will not yield any result. The important question is of agriculture. Unless and until we know the difficulties of the agriculturists and we know the significance of agriculture, till then the question is not going to be solved We may debate for days and days, but the question will not be solved in that manner.

My hon. friend Shri S. M. Banerjee talked of so many things. He wants State trading. If State trading can increase production, well, I shall

[Shri P. R. Patel].

agree with him. But he says that there is corruption. Am I to know from him that State trading as it is will be devoid of corruption? Then, he talks of price stabilisation....

**Shri S. M. Banerjee:** If Government are free from corruption. then it will be free from corruption.

**Shri P. R. Patel:** Does he understand what price stabilisation would mean? Does he know the value of price stabilisation, whether it will help in more production or it will decrease production? Does he know the cost of production to the agriculturist? Does he know what price is paid and what cost is incurred by the agriculturist in producing a maund of wheat. If he will try to understand this, then he will realise that the cost would not be less than Rs. 20 a maund of wheat.

**Shri S. M. Banerjee:** You may open a school.

**Shri P. R. Patel:** Yes, you require to be trained, and the Communist Party too, because I know that the function of the Communist Party is to create discontent and dissatisfaction in the country. They thrive on this. They are talking of Government employees as if they are the only persons in this country. But my hon. friend forgets that more than 70 per cent of the people are agriculturists. And what is the percentage of Government servants to the total population? And do they get less than the agriculturists? My hon. friend Dr. Ram Manohar Lohia talked of three annas......

**Shri Kashi Ram Gupta:** He will talk about it tomorrow.

**Shri P. R. Patel:** And the reply was 'five annas'. But if both of them, that is, Government and Dr. Ram Manohar Lohia, put their heads together, perhaps, they will come to the conclusion that there are agriculturists, to the extent of not less than 20 per cent who will be getting minus 8 annas or minus 4 annas a day. So, the question of the agriculturist is an important one.

My hon. friend Shri S. M. Banerjee desires that the prices should be lowered.

**Shri S. M. Banerjee:** I said they should be stabilised.

**Shri P. R. Patel:** But when he goes to Kanpur, he will ask the labourers to demand increase in wages, and he will ask them to demand that the dearness allowance must be increased, the wages should be increased, more should be paid to the labourers by way of bonus and other things...

**Shri S. M. Banerjee:** I did not say that.

**Shri P. R. Patel:** I do not know why my hon. friend is so much perturbed.

**Shri S. M. Banerjee:** I said that you should either hold the price-line or pay them more dearness allowance.

**Shri P. R. Patel:** I do not understand why he is so much perturbed.

**16.33 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

But when the foodgrains prices go high, he will say that there is increase in prices. Sir, much depends on ordinary things. My hon. friends from the Communist Party say that the grain merchants are making profits. I feel that some of my Communist friends may have an experiment in this business, but they will not.

**Shri Yallamanda Reddy** (Markapur): They are trading for the sake of the country?

**Shri P. R. Patel:** I know that they will not do that; without indulging in these things, without staking anything in business, if they can thrive, then why should they go to business?

**Shri Yallamanda Reddy**: Is business patriotism?

**Shri P. R. Patel:** The question is one, as I have said, which is concerned with the agriculturist, and what is being done for the improvement of agriculture. That is what we must consider.

Shri S. K. Patil had been the Food Minister for nearly four years. I must admit that he had sympathy for the farmer, and his sympathetic approach was an encouragement to the agriculturists of this country.

**Shri Yallamanda Reddy:** That was why he imported from America. That was his sympathy. And he wanted a buffer stock. He preferred only to do that and he did not try to increase production.

**Shri P. R. Patel:** Every time he pleaded for remunerative prices for the farmer. He admitted also sometimes that even though price support had been given, yet the price was not a remunerative one. I may tell you that so long as remunerative prices are not given to the agriculturist, the condition of food will not be improved, or the food situation will not improve.

The agriculturists are not beasts, they are not machines, they have got feelings. So long as you do not do something to encourage their feelings, how would they work more and produce more? So, what is required is initiative and encouragement. Whenever, any Member from the Opposition, specially the Communist Party, talks of agriculture, he talks of giving less to the agriculturist.

**Shri Dinen Bhattacharya:** We are for real agriculturists.

**Shri P. R. Patel:** Let the agriculturists of the country know that the Communist Party is the greaest enemy of the agriculturists (*Interruptions.*)

**Shri Dinen Bhattacharya** *rose*—

**Mr. Deputy-Speaker:** Nobody interrupted the hon. Member when he spoke. Why should he interrupt now?

**Shri P. R. Patel:** The communists confine their work to the educated few, specially the government servants and the labour class. They have some kisan organisations, but they have failed on that front. They want to please these classes, for what? To create discontent in them to create confusion in the country, for what? Not for the nation... ..(*Interruptions*). Your history is before the country, what you had done in 1942.

**Shr S. M. Banerjee:** I sacrificed enough in 1942 and lost my job. He must withdraw that remark (*interruptions*). We know what he is. He was in the Opposition. But he crossed over to the Congress.

**Shri Raghunath Singh** (Varanasi): It is not for him; it is for the communist party.

**Mr. Deputy-Speaker:** Order, order. Take it in a sporting spirit.

**Shri P. R. Patel:** It is not for Shri Banerjee; it is for the communist party. The role played by the communist party in 1942 is well known. They were against our independence.

**Shri Dinen Bhattacharya:** That is a slander.

**Shri Raghunath Singh:** That is a fact.

**Shri Yallamanda Reddy:** Why should he not speak on the subject under discussion?

**Mr. Deputy-Speaker:** We are not discussing parties here; we are discussing the food policy.

**Shri P. R. Patel:** The communist party very often brings up this question before the House. Their purpose is to create dissatisfaction and discontent amongst the middle class people.

**Shri Raghunath Singh:** And confusion.

**Shri P. R. Patel:** And why at this time? The reason is this. We are in difficulties. The Chinese are on the border. I do not know....

**Shri Dinen Bhattacharya:** Let the prices rise!

**Shri P. R. Patel:** ... whether they are getting some inspiration I do not know (*Interruptions*).

**Mr. Deputy-Speaker:** Order, order.

**Shri P. R. Patel:** This is only to create some trouble when we are in a war against the Chinese. I say on behalf of the agriculturists of the country that I am more concerned with the agriculturists than my hon. friend, Shri Banerjee, and his party.

**Shri S. M. Banerjee:** Agreed.

**Mr. Deputy-Speaker:** He has no party. He is an Independent.

**Shri Sheo Narain:** He is a fellow traveller.

**Shri P. R. Patel:** Now there is danger to our country, to our independence. I promise the House on behalf of the agriculturists that when there is danger to the country's independence, the agriculturists would shelve the question of the prices of foodgrains and all those things. To bring this question very often before the House and before the people is a disservice to the country; it comes in the way of defending our independence.

Government should also realise that success in agriculture cannot be attained by slogans and ideology. If ideology can give us results, then it is better that we write books on ideology rather than talk of agriculture. We are more concerned with slogans and ideology rather than with agriculture, and so satisfactory progress in agriculture is not achieved.

I have nothing to say against any individual, and nobody need be angry with me, but I have seen in the States that there are Ministers who have neither sympathy for the agriculturists nor knowledge of agriculture. They should have at least worked among agriculturists or associated with some agriculturists associations. Labour Ministers are not appointed or considered successful if they do not belong to some labour union or if they have not worked with labour. That is what we see in the case of Labour Ministers here and in the States. But for agriculture, it is something different.

**Shri S. M. Banerjee:** Write to Kamaraj.

**Shri P. R. Patel:** So, I request Government to give thought to this. I have seen Ministers of Agriculture in the States who have nothing to do with agriculture, who have nothing of agriculture in their blood.

**Shri Yallamanda Reddy:** I think you can become a successful Agriculture Minister.

**Shri Dinen Bhattacharya:** Speaking for himself.

**Shri P. R. Patel:** Before I conclude, I would request the new Minister of Agriculture ...

**Shri Dinen Bhattacharya:** Nothing to say about the rise in prices?

**Shri P. R. Patel:** ... to plead the case of the agriculturists, and be a good lawyer for them, and not to do any harm to them. That is what I would expect of my friend Shri Swaran Singh.

**Shri Jashvant Mehta** (Bhavnagar): I compliment my hon. friend Shri Banerjee for raising this very important issue before the House.

I have heard the speeches from both sides, but what is the basic issue before the Parliament? On the one side, there are agriculturists; on the other side, there are consumers. The solution to the problem is price parity

between agricultural goods and manufactured goods. Unless you give that, the agricultrrist will not be satisfied, and unless you hold the price line, prices will rise.

I may compliment the Government for reorganising the Agricultural Ministry, because the most important problem is co-ordination between the different sectors of agriculture. The next step that Government should take is to effect co-ordination between the Centre and the States.

The present Finance Minister, speaking at a conference on irrigation rightly pointed out the condition of agriculture in the country. I wish the problem of agriculture should be posed before the country and it should be tackled on a war footing. What is the problem before us. Throughout the Second Plan the price rose six per cent every year. In the Third Plan also in the beginning the trend has been upword. What is the reason? The reason is failure of agricultural production. It was 1.7 million tons in 1949-50 and it was 1.8 million in 1960-61. For the last ten years, this is where we stand, it seems agricultural production is stagnant inspite of spending thousands of crores on irrigation and other agricultural schemes. We are where we were. The import of foodgrains in the First Plan was to the tune of Rs. 538 crores and in the Second Plan period it went up to Rs. 711 crores.

**Shri D. C. Sharma** (Gurdaspur): What about the mouths to be fed?

**Shri Jashvant Mehta:** I am posing the problem. On the one side we are giving importance to agricultural production. On the other side, prices are rising. In 1957 we received the expert committee report and after that there was the Foodgrains Enquiry Committee report. No further committee was appointed and no other material is before us.

The problem is of production and distribution. We have to reorganise our present distribution system. Government have decided to check the price line by opening co-operative societies, a net work of them. Only co-operative society is not sufficient. The Ministry will have to go further and socialise wholesale trade. Unless this is done the price line will not be checked. We know that Government should move a step in the right direction. At the same time we should not forget that the middlemen profit righ from the production period to the lean period. What should be the price of rice in the production period and in the lean period. Government should decide the price when the agriculturist brings the produce market and also at the time of the lean period. The difference should not be more than one anna per *ratal*. Government should work out a figure and decide how to stabilise the price permanently. Price stabilisation board should be appointed to watch the movement of market and check prices. If moves are made in that direction, Government will be able to hold the price line.

The second point which the Government has to look into is deficit financing. What is the part that deficit financing has played in increasing prices? I will quote from the Reserve Bank figures. The Reserve Banks says:

> "Since 1956 currency notes in circulation have gone up by 50 per cent and time and demand liability of the scheduled banks by more than double."

If deficit financing is also not stopped, then we will not be able to hold the price-line. Even in this respect, the Reserve Bank has pointed out that the inadequacy of the resources for the total outlay of 1961-62 arising from shortfalls both on the domestic and external side was made good in 1961-62 by deficit financing. The report itself has confirmed the failure to mobilise the resources by resorting to the method of deficit financing.

[Shri Jashvant Mehta]

Then I will come to the main aspect of our Ministry of Agriculture. My hon. friend has rightly stated about the credit system. The reserve Bank is advancing crores of rupees for the agriculturists for more production. Have you ever enquired into the rate at which the Reserve Bank is advancing the money? When it advances money, the interest is charged at two per cent, but when actually the farmer receives it, it works out to 9 and 9½ per cent. The middlemen and the administrative charges take away the 7 to 7½ per cent. What steps are the Government taking in this direction?

My hon. friend from Bihar was rightly suggesting, and also my hon. friend from Maharashtra, that 12 months had passed by and asked, if the co-operative system had to take the margin of 7 per cent, why the Government is not organising credit on a different footing. I would like to pose the same question. Why not advance credit in a simple way? This is not my suggestion or the suggestion of any economist, but this is the suggestion which has come from a rural farmer who is not even a graduate. He has suggested a very unique thing. He asked: what are these co-operative societies meant for? The co-operative societies are meant for advancing finances, but when the Reserve Bank advances the finances at two per cent, and when we get it at nine to nine and a half per cent, why the Government is not organising the co-operative banks at the tehsil level and fix the credit to be given to every farmer on the basis of his land, say, 25 per cent or 40 per cent? They can issue a share to any farmer who has got land and fix the credit, and he can draw the cheque. Then there is no need of a short-term long-term or a medium-term scheme. What is our ultimate aim? It is to establish co-operatives or it is to increase production. In our country, the co-operative movement has not gone further in the rural areas because of the functioning of the credit, and because the multi-purpose co-operative societies have not progressed in that line. So, the Government should evolve such a scheme. Instead of having only small co-operative societies for advancing money, co-operative societies may be developed for service purposes. There may be service co-operatives for other purposes, but as far as credit is concerned, the Government should find out a new alternative, and this new alternative should be this: just as the fixing of credit by the scheduled banks for the industrialists, the agricultural credit should be fixed by the Government, by the co-operative banks up to 25 per cent of the market value of the land, and no agriculturist can dispose of his land unless he gets a clearance certificate from the co-operative bank to the effect that he is not under any debt. This type of a simple system will help our agricultural production.

I would like to make another point and that is about the zonal system. When we are not able to check smuggling on our long border with Pakistan or with other countries, why do do you want to create these different zones in our country? Ours is one country. We have got long borders. How are you going to put the police on along every border—the borders of Maharashtra, Gujarat, West Bengal and Punjab? How could this system function? Government should evolve a uniform system and not this zonal system, because now the vested interests are getting more money, and the price-rise is also due to this zonal system and vested interests.

The third point is this. On the one hand, lakhs of acres of land are lying barren. The Government should bring this land under the plough. In Surat District of Gujarat the Pardi-satyagraha has started 55,000 acres of land is grass land. Our demand is that these 55,000 acres of land should be brought under the plough. Then, the big projects of Narbada and Sabarmati rivers are lying idle since the last ten years. These big projects, in

whichever part of the country it may be, should be taken over by the Central Water and Power Commission. The Central Government should give priority to these projects. We have received the report on the Narbada River Valley Project. The Government is thinking of appointing a Statutory Board. But the Government has not moved in that direction. I would like to draw the attention of the Government to the schemes which are lying idle for the last ten to twelve years. Why is it that top priority is not given to these projects when we are in need of more agricultural production and more electricity.

Sir, these are steps which will help to hold the price line. The Government should also streamline the administration so that the price line may be controlled immediately. The main aspect of our problem is distribution and production. Therefore, the whole distributive machinery should be reorganised and production should be put on a war footing. Then only we will be able to hold the price line.

**श्री शिव नारायण** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश का धन पैदा करने वाला किसान है, किसान कमाता है, किसान गन्ना पैदा करता है, गेहूं पैदा करता है, चावल पैदा करता है, जिस के ऊपर यह सारा राज और समाज टिका हुआ है, जिसके ऊपर यह बड़े बड़े पूंजीपति टिके हुए हैं, जिसके ऊपर सारा मिडिल क्लास टिका हुआ है और सारे सरकारी नौकर टिके हुए हैं ।

हमारे कम्युनिस्ट भाई श्री बनर्जी के कहने पर नाराज हो गए । लेकिन कम्युनिस्टों ने देश के साथ सन् १९४२ में क्या किया और आज क्या कर रहे हैं यह देश के सामने हैं । मैंने समय के लिए प्रार्थना की और आपने मुझे समय दिया इस के लिए मैं आप का अनुगृहीत हूं ।

मैं एक प्रमुख बात कहना चाहता हूं । अपने एग्रीकल्चर मिनिस्टर से कि मुझे इस बात का गुमान है कि आज एग्रीकल्चर मिनिस्टर एक एग्रीकल्चर का डाक्टर है । मेरा अभिप्राय डा० राम सुभग सिंह से है । (*Interruptions*) आप लोग चुप रहें । मेरी बात सुनें । मैं किसान की वकालात करने के लिए खड़ा हुआ हूं । मैं गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि गन्ने की बेसिक प्राइस दो रुपया मन से ज्यादा न हो । आप इन कम्युनिस्टों के शोरगुल के चक्कर में न आएं । आज फारिन मारकेट में अमरीका और इग्लैंड में हमारी जो चीनी जाती है उस का अच्छा दाम मिल रहा है । जब चीनी का ज्यादा दाम मिले तो आप किसानों को क्यों न दो रुपया मन दें । और अगर रिक्वरी ९-६ परसेंट से ज्यादा हो तो उस को आप सवा दो रुपए और ढाई रुपए मन तक दे सकते हैं । किसान मेहनत करके गन्ना पैदा करेंगे और उत्पादन बढ़ेगा । मैं कहना चाहता हूं कि बीच में किसान ने गन्ना पैदा करना कम कर दिया था । पिछले साल किसानों को गन्ने का दाम ठीक समय पर नहीं मिला, उनको पन्द्रह पन्द्रह दिन तक दाम के लिए इन्तजार करना पढ़ा । यह सब इन बड़े बड़े पूंजीपतियों और मिल मालिकों के कारण हुआ, जिनकी बहुत से लोग यहां एजेंसी करते हैं, मैं उन के नाम नहीं लेना चाहता ।

हमारी कांग्रेस सरकार ने तो त्याग का नमूना दिखला दिया है । हमारे पाटिल साहब कुर्सी पर ठोकर मार कर चले गए । भगवान बुद्ध ने बिम्बिसार से कहा था कि भोग को छोड़ दो तो तुम्हारी बड़ी मर्यादा बढ़ेगी । आज हमारे ६ मुख्य मंत्रियों ने और ६ सेंटर के मंत्रियों ने कुर्सियों को ठोकर मार कर नमूना पेश कर दिया है त्याग और तपस्या का । यह चीज उन लोगों में ही है जो नेहरू के साथ हैं । आप लोगों में यह चीज़ नहीं है कि देश को बेच देना चाहते हैं । आज चीन की वकालत करते हैं । देश को बेंच देना चाहते हैं । शर्म से उन का सिर नीचे

[श्री शिव नारायण]

नहीं झुकता । आज वह हम को उपदेश देते हैं । कांग्रेस ने जो नमूना पेश किया है . . .

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप खत्म कीजिए, पांच बज गया है ।

**श्री शिव नारायण** : मैं दो मिनट में खत्म करता हूं ।

मेरा निवेदन है कि आप आज गन्ने का दाम फिक्स कर दीजिये और वह दाम ऐसा हो कि जो क्वार के महीने में हो वही वैसाख तक रहे। मेरा तो सुझाव है कि अगर आप एक साल का या दो साल का दाम फिक्स कर दें तो न किसान को दुःख होगा, न मिल वालों को दुःख होगा और न सेक्रेटेरिएट के बाबू लोगों को दुःख होगा । फिक्स प्राइस मिलनी चाहिए । हां, अलबत्ता यह जो स्मगलिं करते हैं, यह जो आटे में गर्दा मिलाते हैं उनको ज़रूर कोड़े लगवाये जांय और अगर उनको इस के लिए फांसी पर भी लटकाया जा सके, तो मुझे कोई एतराज़ न होगा ।

**17.0 hrs.**

मैं आज सदन में एक सप्लीमेंटरी सवाल पूछना चाहता था कि दिल्ली में कितने लोगों को सजाएं हूई ? मेरी सरकार इसके ऊपर सख्त हो तभी यह सारी हुल्लड़बाज़ी जोकि आये दिन देखने में आती है, ख़त्म हो सकेगी। बम्बई में हड़ताल करते हैं, इधर उधर लोगों को बेकार में भड़काते हैं या यहां हल्ला गुल्ला करते हैं, सरकार अगर ज़रा एक कठोर रुख अपनाये, जोकि मैं चाहता हूं कि अपनाये, तो यह सब सारी हुल्लड़बाज़ी वगैरह बंद हो जायेगी । समय का तकाज़ा है कि सरकार "शठे शाठ्यम समाचरेत" वाली नीति अपनाये तभी यह बेजा हरकतें और हड़तालें और हुल्लड़बाजियां बंद होंगी । जैसे को तैसा जवाब देना आज की परिस्थिति में आवश्यक हो गया है । लोगों को यह समझ लेना होगा कि हुल्लड़बाज़ी से कोई काम नहीं चलेगा ।

अब जहां तक प्राइस कंट्रोल का सवाल है मैंने आप को बता दिया है कि यह जो शृंगार और विलास की प्रसाधन सामग्री है, क्रीम, पाउडर लिपस्टिक, आदि, इन लक्ज़री गुड्स पर सरकार भले ही खूब दाम बढ़ा दे क्योंकि इन चीज़ों की ज़रूरत अमीर लोगों को ही पड़ती है । इसी तरह से सरकार मनोरंजन कर और अधिक बढ़ा सकती है, सिनेमा आदि को और अधिक मंहगा कर सकती है उस का आम गरीब जनता पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है । चाय पर सरकार और शुल्क बढ़ा सकती है । इसी तरह चीनी का मूल्य भी सरकार और अधिक कर सकती है और उनके दाम और भी अधिक रख सकती है । मेरे कहने का मतलब यह है कि सरकार लक्ज़री गुड्स के दाम भले ही बढ़ा दे लेकिन इस देश की गरीब जनता जो कि रूखा सूखा भोजन करती है और सीधे सादे और मोटा कपड़ा पहन कर तन ढकती है उनकी जीवन की बुनियादी आवश्यकताएं और अधिक मंहगी न होने पायें क्योंकि वे अभी भी कोई कम नहीं हैं। आज वह उच्च-विचार और सादा जीवन का हमारा पुनीत और प्राचीन आदर्श कहां चला गया ? आखिर यह भगवान बुद्ध का देश है (**इंटरप्शंस**) यह बड़े खेद का विषय है कि हम उन अपने आदर्शों को भूल बैठ हैं ।

मुझे यह पूरी आशा है कि यह सरकार किसानों के हित को कभी अपने दिल से नहीं भुलायेगी । आज किसान दुःखी हैं । यह सारा देश और समाज किसानों की गाढ़ें पसीने की कमाई पर आश्रित है । किसान इस देश की रीढ़ की हड्डी हैं । हमारा और इस सरकार का यह पवित्र कर्त्तव्य हो जाता है कि हम उन को सभी संभव प्रोत्साहन दें, उन को अच्छे बीज समय पर दें, उन को समय पर खाद, पानी व अन्य आवश्यक इम्पलीमेंटस मुहय्या करें। अगर हम उनको सब आवश्यक सुविधायें अन्न उत्पादन हेतु प्रदान

करें तो मुझे पूरा विश्वास है कि खाद्यान्न के मामले में यह देश आत्मनिर्भर हो सकेगा और हमें विदेशों से अन्न मंगाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी ।

अभी एक भाई ने कहा कि नये फुड मिनिस्टर को उन्होंने देखा तो उन को पाकिस्तान याद आ गया । अरे भाई ये मिनिस्टर पक्के खिलाड़ी हैं, पाकिस्तान वालों से भी बात करते हैं और इस देश की फुड प्राबलेम को भी हल करते हैं । वे मुल्क के एक जिम्मेदार लीडर हैं । वे कोई कमज़ोर व्यक्ति नहीं हैं । उनकी तलवार भी मजबूत है और क़लम भी मज़बूत है और ईंट का जवाब ईंट से देने की भी वे क्षमता रखते हैं । मान्यवर, मैंने किसी कच्चे खिलाड़ी को उस पद पर नहीं भेजा है । एक पक्के और मंजे व्यक्ति को फुड मिनिस्टर रखा है । क्या इस नये फुड मिनिस्टर का नमूना आपने नहीं देखा कि पाकिस्तान वाले खुद चक्कर में आ गये । भुट्टो साहब से बातचीत करके पाकिस्तान की प्राबलम हल कर रहे हैं और इस देश की फुड प्राबलम हल करना उन के लिए कोई मुश्किल बात नहीं है ।

**एक माननीय सदस्य** : कम्युनिस्टों को भी ठीक कर देंगे ।

**श्री शिव नारायण** : जी हां, यह गवर्नमेंट की ही मेहरबानी है कि यह लोग यहां इस तरह से हमारी छीज काटा करते हैं और लोगों को बहकाते फिरते हैं लेकिन अगर वे अपनी हरकतों से बाज़ न आये तो यह उन को भी ठीक कर देंगे । (**इंटरप्शंस**)

मैं स्वयं किसान हूं, खेती करता हूं और उनका मैं शुभचिंतक हूं । यह बहुत ज़रूरी है कि किसानों की कड़ी मेहनत का उन्हें उचित मूल्य मिले जो कि आज उन्हें नहीं मिल रहा है और जिसके कि कारण उन की आर्थिक अवस्था बड़ी दयनीय हो रही है । मैं तो कहूंगा कि उन को उनकी उपज की लागत का १० परसेंट मुनाफ़ा दिया जाय । आज इमरजेंसी चल रही है और यह बहुत आवश्यक हैं कि देश में गल्ले की कमी न पड़ने पावे । दस परसेंट का मुनाफ़ा तो उन्हें दिलवाया ही जाना चाहिए ।

"देह बेंच दारा सुवनमंद भयो यह दास"

किसानों को संतुष्ट किया जाय और वे इस आड़े समय में आप देखेंगे कि किस तरह देश की रक्षा में जूझते हैं ? किसान का पेट भर जाय तो आप देखियेगा कि वह देश की ख़ातिर किस तरह से अपनी जान की बाजी लगाता है ।

सरकार एसे देश व समाज विरोधी तत्वों के विरूद्ध जोकि देश हित के विरुद्ध काम करते हैं, सख्त कार्यवाही करें । एसे द्रोही तत्वों के प्रति कोई रिआयत सरकार को नहीं दिखानी चाहिए । एसा होने से जितनी भी गड़बड़ियां चल रही हैं वे सब बंद हो जायेंगी ।

गवर्नमेंट की पालिसी जोकि फुड और प्राइस कन्ट्रोल के संबंध में है बिल्कुल सही है और सरकार ठीक तरीक़े से चल रही है । मैं आप का बड़ा अनुगहीत हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया ।

---

**17.03¾ hrs.**

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

### Nineteenth Report

**Shri Rane** (Buldana)): Sir, I beg to present the Nineteenth Report of the Business Advisory Committee.

**17.04 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, the September 6th, 1963|Bhadra 15, 1885 (Saka).*